एस,वि,एम, प्रौढ़शाला मुदगल्ल

प्रथम संकलनात्मक मूल्यांकन :- 2024-25

कक्षा:-10 वी　　　　विषय:- हिन्दी　　　　समय:- 3:00 घंटा.　　　　अंक:- 80

****

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार- चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए :-　8×1=8.

1. ' इसमें बादशाह' शब्द का अन्यलिंग रुप है।　अ) बादशाह　आ) बादशाहइन　इ) रजनी　ई) बेगम.
2. ' बाहर ' शब्द का विलोम रुप है।　अ) बाहर　आ) नीचे　इ) अंदर　ई) ऊपर.
3. ' दोपहर ' शब्द किस समास का उदाहरण है।　अ) तत्पुरुष　आ) अव्ययीभाव　इ) द्विगु　ई) द्वंद्व
4. निम्नलिखित में से गुण संधि का उदाहरण है।　अ) वधूत्सव　आ) अत्यधिक　इ) गायक　ई) महोत्सव
5. ' सुराही....... लेट जाता ' इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा।　अ) को　आ) से　इ) के लिए　ई) पर
6. ' पौ फटना ' इस मुहावरे का अर्थ है।　अ) बाल - बाल बचना　आ) प्रभात होना　इ) बीडा उठाना　ई) रात होना
7. ' मिलना ' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रुप है ।　अ) मिलाना　आ) मिल　इ) मिलवाना　ई) मिलावट
8. ' इंटरनेट का मतलब,क्या है ? इसमें निहित चिह्न है।　अ) पूर्ण विराम　आ) अर्ध विराम　इ) विस्मयादि बोदक　ई) प्रश्न वाचक

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :-　4×1=4

9. कपड़ा : नापना : : टोमाटो : _________
10. गुलाब : पौधा : : सोनजुही : _________
11. पहला दिन : चप्पले गायब थी : : दूसरे दिन : __________
12. प्रेमचंद : कश्मीरी सेब : : भगवतीचरण वर्मा : ________

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक वाक्य में लिखिए :-　4×1=4

13. लेखक चीजें खरीदने कहाँ गये थे ?
14. लेखिका ने गिल्लू के घावों पर क्या लगाया ?
15. ब्रीफकेस में क्या था ?
16. आज माँ के साथ कौन है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो - तीन वाक्यों में लिखिए :-　8×2=16

17. भारत माँ के प्रकृति - सौंदर्य का वर्णन कीजिए ?
18. आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ?
19. ' प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन ' इस पंक्ति का आशय समझाइए ।
20. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या - क्या देती थीं ?
21. छलनी से क्या-क्या कर सकते हैं ?
22. इंटरनेट का मतलब क्या है ?
23. शनैःचर का अर्थ क्या है ? **अथवा** शनि एक राशि में कितने सालों तक रहता है ?
24. शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ? **अथवा** सौरमंडल का सबसे बड़ा उपग्रह कौन सा है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन - चार वाक्यों में लिखिए :-　9×3=27

25. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

26. शम्सुद्दीन अखबारों के वितरण का कार्य कैसे करते थे ?

27. बसंत ईमानदार लड़का है। कैसे ?

28. मुखिया को मुख के समान होना चाहिए । कैसे ?

29. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है ?

30. लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए ।

31. लेखक ने दुकानदार को क्षमा के योग्य नहीं समझा ?

32. दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :-

"दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।
तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण " ।।

33.गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :-

"दुकानदार ने जानबूझकर मेरे साथ धोखेबाजी का व्यवहार किया। एक सेब सडा हुआ होता, तो मैं उसको क्षमा के योग्य समझता । सोचता, उसकी निगाह न पडी होगी "।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच - छः वाक्यों में लिखिए :- **2×4=8**

34. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए । **अथवा** लेखिका ने गिलहरी को क्या-क्या सिखाया ?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :-

मुखिया ________________________________

________________________________ विवेक ।।

VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **1×4=4**

36. महिलाओं की महती भूमिका के बारे में गाँधी जी ने कहा था - " स्त्रियों के अधिकारों के प्रश्न पर मैं किसी प्रकार का समझौता करने के लिए तैयार नहीं हूँ | वह तो उनका जन्म सिध्द अधिकार है | मेरी राय में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए | स्त्री घर की स्वामिनी है | पुरुष रोटी कमाता है, वह उसे सबको बांटती और खिलाती है | घर का , बच्चों का पालन करती है| वह राष्ट्रमाता है , यदि वह रक्षा न करे तो सारी मानव जाती नष्ट हो जाए ।"

1) घर की स्वामिनी कौन है ? 2) गाँधी जी किस बात के लिए समझौता नहीं करना चाहते ?

3) रोटी कौन कमाता है ? 4) गाँधी जी कि राय क्या है ?

VIII.दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए:- **1×4=4**

37. **अ) जनसंख्या की समस्या**
* प्रस्तावना
* वृद्धी के कारण और परिणाम
* उपचार
* उपसंहार

आ) इंटरनेट
* अर्थ
* लाभ
* हानी
* उपसंहार

इ) बेरोजगारी
* विषय प्रवेश
* बेरोज्गारी के दुष्परिणाम
* बेरोज्गारी के सुझाव
* उपसंहार

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए:- **1×5=5**

38. अ) भाई के शादी में भाग लेने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने गुरुजी को एक पत्र लिखिए । **अथवा**

आ) शैक्षणिक प्रवास के लिए तीन हजार रुपये मांगते हुए अपने चाचा जी को एक पत्र लिखिए।